दैनिक जागरण

04.12.2018

30 कंपनियों से 66 छात्रों को 25.91 लाख तक का पैकेज

अब तक 87 कपंनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए कर चुकी हैं दौरा

आइआइटी बीएचयू

- तीसरे दिन अधिकतम 25.91 लाख और न्यूनतम आठ लाख का पैकेज

अब तक के बड़े पैकेज

वर्ष	पैकेज
2014-15	2.03 करोड़
2015-16	2.27 करोड़
2016-17	1.20 करोड़
2017-18	1.34 करोड़
2018-19	1.04 करोड़

जासं, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में सोमवार को नौकरियों की बरसात जारी रही। कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन पहला चरण समाप्त होने तक 30 कंपनियों ने 66 विद्यार्थियों को जॉब का ऑफर दिया। इसमें सर्वाधिक 25.91 लाख और न्यूनतम 8 लाख रुपये का सालाना पैकेज रहा। संस्थान के आर्यभट्ट हॉस्टल में कैंपस प्लेसमेंट के तहत चयन किया गया। सोमवार को सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक पहले चरण और शाम पांच बजे से रात बारह बजे तक दूसरे चरण में विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑनलाइन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन फिर इंटरव्यू कराकर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

कैंपस प्लेसमेंट के पहले दिन बीते शनिवार को यूनाइटेड स्टेट की एक कंपनी द्वारा 1.04 करोड़ के पैकेज का ऑफर दिया था। 266 छात्र-छात्राओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा नौकरियां ऑफर की गईं। इन्हें 47 लाख से 12 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए। वहीं दूसरे दिन रविवार को पहले चरण में 13 नामी-गिरामी कंपनियों ने कुल 45 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर किया। 32 लाख से 9 लाख रूपये तक के पैकेज ऑफर किए गए। इससे पहले 33 कंपनियों ने इंटर्नशिप के दौरान ही 150 छात्र-छात्राओं को यहां जॉब ऑफर दिया था। 87 कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आइआइटी बीएचयू में आ चुकी हैं। संस्थान के कुल 1151 छात्रों ने कैंपस सेलेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

गिरते जा रहा आइआइटी में पैकेज का रेट : आइआइटी; बीएचयू का क्रेज मधिम होते जा रहा है। एक ओर जहां रैंक में गिरावट होती जा रही है वहीं कैंपस प्लेसमेंट में मिलने वाले पैकेज का रेट भी गिरते जा रहा। इस साल का अधिकतम पैकेज पिछले पांच वर्षों के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। वर्ष 2014 -15 में जहां एक छात्र को 2.03 करोड़ सलाना का आफर मिला था। वहीं इस बार काफी नीचे गिरते हुए पैकेज महज 1.04 करोड़ रुपये सलाना पर आया गा है।

पुरा छात्रों की हुई जुटान, गुरुजनों का किया सम्मान

जासं, वाराणसी : काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर स्थित केंद्रीय विद्यालय में 1983 बैच के छात्रों की जुटान हुई। दर्जनों पुरा छात्रों ने स्मृतियां ताजा करते हुए अपने गुरुजनों का सम्मान भी किया। वहीं वर्तमान शिक्षकों संग मिलकर स्वच्छता का संदेश प्रवाहमान किया। एक व दो दिसंबर को काशी भ्रमण कर जनवरी में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन की तैयारियों को परखा। 'सष्ट्र की सेवा हेतु मित्रों की एकजुटता' थीम के तहत जुटे पुरा छात्रों में आइआइटी-बीएचयू के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र, भारत सरकार के सलाहकार डा. रवि प्रकाश सिंह, कानपुर आइआइटी के प्रो. संदीप वर्मा, कैलिफोर्निया के तकनीकी विशेषज्ञ ओमप्रकाश सिंह, दिल्ली विवि की अर्थशास्त्री प्रो. प्रतिभा राय, कृषि वैज्ञानिक डा. रतन तिवारी आदि थे।